दिनांक 07.09.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

विभिन्न आवासीय योजनाओं के लिए हुई बैठक

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने केन्द्र एवं राज्य परिवर्तित योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम , भिलाई के विभिन्न आवासीय योजना बाम्बे आवास योजना, अटल आवास योजना, रैश्ने आवास योजना एवं आई.एच.एस.डी.पी. आवास योजना के निर्मित आवासों में निवासरत् आवासों का निगम द्वारा निरीक्षण किये गये प्रतिवेदन/सूची के अध्ययन एवं परीक्षण कर पात्रता का सत्यापन करते हुए जो मूल आबंटित आवासों को किरायेदारी में दिये हो या क्रय विक्रय कर दिये हो , ऐसे मूल आबंटितियों का पात्रतानुसार अनुमोदन कर आबंटन किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने तथा पूर्व मूल आबंटितियों का नाम निरस्त करते हुए वर्तमान में निवासरत् परिवारों का आबंटन किये जाने तथा आबंटन से संबंधित कण्डिकावार प्रस्ताव तैयार कर अनुमोदन एवं स्वीकृति के लिए 7 सितंबर को बैठक आयोजित करने के निर्देश थे! आयुक्त के निर्देश के परिपालन में आज विभिन्न आवास योजना की बैठक हुई जिसमें अध्यक्ष उपायुक्त, सदस्य अधीक्षण अभियंता-1, राजस्व अधिकारी, जोन आयुक्त जोन क्र. 01, 02, 03, एवं 04, जनसम्पर्क अधिकारी, प्रभारी अधिकारी आवास, प्रभारी राजस्व अधिकारी जोन क्र. 01, 02, 03, एवं 04, प्रभारी लिपिक योजना, निगम के अधिवक्ता वैष्णव शामिल हुए।

जनसम्पर्क अधिकारी